# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–08 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

गौतम बुद्ध नगर जिले के ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड में आज से इंडसफूड दो हजार पच्चीस प्रदर्शनी का आठवां संस्करण शुरू हो गया। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने इसका उद्घाटन किया । यह प्रदर्शनी दस जनवरी तक चलेगी। प्रदर्शनी में तीस देशों के दो हजार तीन सौ से अधिक प्रदर्शक और सात हजार पांच सौ अंतर्राष्ट्रीय खरीदार हिस्सा ले रहे हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा । पिछले बजट में भी सरकार की ओर से ऐसे कई प्रावधान किए गए हैं जो गुणवत्ता से ही जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम में योगगुरू बाबा रामदेव ने भी हिस्सा लिया।

**********

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि तीन नये आपराधिक कानून दंड केंद्रित नहीं, बल्कि पीड़ित केंद्रित हैं और इनका उद्देश्य त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने नई दिल्ली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ कल हुई बैठक में उत्तर प्रदेश में इन कानूनों के अन्तर्गत की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। श्री शाह ने कहा कि इस वर्ष मार्च के अंत तक उत्तर प्रदेश के सभी सात पुलिस कमिश्नरी समेत अन्य जिलों में नये आपराधिक कानूनों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। समीक्षा बैठक के बाद एक सोशल मीडिया संदेश में गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार न्याय व्यवस्था को त्वरित और प्रभावी बनाने के लिए संकल्पित है।

**********

नई दिल्ली के भारत मंडपम में दस से बारह जनवरी तक चलने वाले अट्ठाइसवें युवा उत्सव दो हजार पच्चीस के प्रदेश के प्रतिभागी दल को आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया । इस मौके पर मुख्यमंत्री ने युवाओं में संवाद कौशल के विकास आवश्यकता पर विशेष जोर दिया ।

***एक राजनेता वही सफल हो सकता है जिसमें संवाद की कला हो। अगर वह संवाद की कला में माहिर नहीं है तो वह कभी सफल राजनेता नहीं हो सकता है। और युवा संसद के आयोजन के कार्यक्रम के साथ आप सबको जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ होता है। हम लोग बहुत बार कहते हैं इस बात को कि परम्परागत छात्र संघ चुनाव की बजाय हमे अपने विश्वविद्यालयों में, महाविद्यालयों में युवा संसद को प्रमोट करना चाहिए।***

इस अवसर पर प्रदेश के खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**********

महाकुंभ के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के लिए प्रयागराज में इलेक्ट्रिक बसें चलाएगा। मुख्य स्नान के दिनों में सुव्यवस्थित भीड़ प्रबंधन के लिए प्रयागराज के आस–पास से आने वाली बसों को बाहरी मेला क्षेत्र में स्थापित आठ अस्थायी बस अड्डों से संचालित किया जाएगा। साथ ही भीड़ नियंत्रण के लिए महाकुंभ क्षेत्र में सात हजार ग्रामीण बसें और तीन सौ पचास शटल बसें लगायी जाएंगी। इन सेवाओं से संबंधित तत्काल मदद के लिए यात्री टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य एक आठ शून्य दो आठ सात सात और वाट्स एप नंबर नौ चार एक पांच शून्य चार नौ छह शून्य छह से जानकारी ले सकते हैं।

**********

वाराणसी जिले में चाइनीज मांझे की बिक्री करने वाले स्थानों, बिक्रेताओं और खरीदारों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी । जिलाधिकारी एस राजलिंगम और अपर पुलिस आयुक्त एस चिनप्पा की अध्यक्षता में इस पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए आज जोनल व्यापारियों के साथ बैठक हुई। अपर पुलिस आयुक्त ने बताया कि जिले में चाइनीज मांझा बेचने और खरीदने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा । इसे लेकर आगामी त्योहारों तक अभियान चलाया जाएगा।

**********

अयोध्या जिले के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में तीन लाख सत्तर हजार आठ सौ उन्तीस मतदाता वोट डालेंगे। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह ने आज पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में दो सौ पचपन मतदान केंद्र और चार सौ चौदह मतदेय स्थल बनाए गए हैं। प्रत्याशी दस जनवरी से सत्रह जनवरी तक नामांकन कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच अठारह जनवरी को होगी और बीस जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। पांच फरवरी को मतदान होगा और आठ फरवरी को वोटों की गिनती की जाएगी।

**********

कड़ाके की ठंड, शीतलहर और कोहरे के बीच मौसम विज्ञान विभाग ने ग्यारह जनवरी को प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि आगामी दो तीन दिनों में प्रदेश में ठंड और बढ़ेगी।

**एक तरीके से और हवाओं का चलन है जिससे काफी अच्छा दिन में ठंड बना हुआ है जिसके लिये आने वाले अगले तीन दिनों के लिये आज कल परसों शीत दिन का अलर्ट जारी है और साथ में दो दिनों के लिये आरेंज है तो उसके बाद थोड़ा सा एक स्ट्रांग पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है जिससे कि जो ग्यारह तारीख से जो हमारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश है वहां पर बारिश होने की सम्भावना है।**

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार अगले दो दिनों के बाद प्रदेश में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान भी दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। इस बीच, ठंड के कारण आज भी जनजीवन पर गहरा असर देखने को मिल रहा है। कक्षा आठवीं तक के स्कूल बंद हैं। बस और ट्रेने देरी से चल रही हैं।

**********